गुलदार (तेंदुआ)



एशिया में पर्यावास

भारत में
12000-14000
की आबादी
आईयूसीएन (IUCN) स्थितिः असुरक्षित

प्रजनन

- गुलदार के अधिकतम शावकों का जन्म और इनके शिकार का प्रजनन काल एक ही साथ होता है
- गुलदार में पूरे साल प्रजनन करने की क्षमता होती है; हालांकि, दिसम्बर में अधिकतम प्रजनन होता है

औसत जीवनकाल



प्रजनन आयु

मादा **18 - 36** महीने नर **24 - 28** महीने

गर्भकाल:

3-3.5 महीने ➡ प्रति मादा **1-2** सालों में शावकों को जन्म देती है

गुलदार के शावक

एक बार में **2-3**

- एकांत और प्रादेशिक जानवर
- मुख्यतः निशाचर लेकिन दिन में सक्रिय रहने में सक्षम
- संवाद करने के लिए गंध के निशान और स्वरोच्चारण का उपयोग करता है और क्षेत्र को चिह्नित करने के लिए पेड़ को खरोंचता है
- घात लगाकर शिकार करता है; झाडियों या अँधेरे में छिपकर शिकार पर आक्रमण करता है
- पेड़ों के ऊपर बैठकर शिकार पर नज़र रखता है। वनस्पति वाले क्षेत्रों में शिकार करता है
- इतना शक्तिषाली है कि बड़े जानवरों को पेड़ों के ऊपर ले जाने में सक्षम है
- अच्छा तैराक, पानी में मछलियों और केंकड़ों का शिकार करता है
- अत्यंत अनुकूलनशील; पैड़ – पौधे और झड़ियों वाले इंसानी पर्यावास के पास रहने में सक्षम
- कुत्तों और दूसरे जानवरों पर आक्रमण करता है जो कचरे के ढेरों की ओर आकर्षित होते हैं

क्या आप जानते हैं?



गुलदार के शरीर पर काले धब्बे होते हैं जिन्हें रोसेट्स कहते हैं। इनकी उपस्थिति गुलदार को छलावरण में मदद करती है

यहां तक कि गहरे रंग के गुलदार के शरीर पर भी धब्बे होते हैं जो कि उनके काले रंग के कारण आसानी से दिखाई नहीं देते हैं

गुलदार पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाकर रखते हैं जिससे लोगों को खाना, पानी और दूसरे संसाधन प्राप्त होते हैं

गुलदार अवसरवादी होते हैं; वे छोटे पशुओं साथ ही, अकेले छोड़े गए छोटे बच्चों और बुजुर्ग इंसानों पर आक्रमण कर सकते हैं

इंसानों पर किए गए ज़्यादातर आक्रमण आकस्मिक होते हैं या तब होते हैं जब किसी गुलदार को लोग फंसा या घेर लेते हैं

गुलदार ज़्यादातर आसानी से पकड़े जाने वाले शिकार पसंद करते हैं। प्राकृतिक शिकार के अभाव में ये पशुधन या कुत्तों को अपना खाना बना लेते हैं

पशुधन जैसे गाय, बकरियों को जंगलों में चराना गुलदार और इंसानों के बीच संघर्ष का मुख्य कारण होता है

गुलदार प्रादेशिक जानवर हैं। वनों के नुकसान के कारण, वयस्क गुलदार को जंगलों से बाहर किशोर गुलदार द्वारा मानव बस्तियों में धकेला जा रहा है

भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन

भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन पर भारत–जर्मनी सहयोग
2017 – 2023
भारत में मनुष्य–वन्य जीव संघर्ष शमन
के संबंध में सामंजस्यपूर्ण सहास्तित्व पद्धति का क्रियान्वयन

german cooperation DEUTSCHE ZUSAMMENARBEIT
Implemented by giz Deutsche Gesellschaft für Internationale Zusammenarbeit (GIZ) GmbH
Ministry of Environment, Forest and Climate Change Government of India
Directorate of Forests Government of West Bengal
Centre for Environment Communication — Environment is First
आज़ादी का अमृत महोत्सव
LiFE Lifestyle for Environment
G20 भारत मुख्य INDIA